# खेल जगत



विश्व टेस्ट चैम्पियन बनना बड़ी उपलब्धि है। मुझे लगता है कि ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ की साझेदारी निर्णायक साबित हुई। स्टीव स्मिथ ऐसा ही खेलता है। - अरोन फिंच

ऑस्ट्रेलिया के एकदिवसीय कप्तान, ऑस्ट्रेलिया के डब्ल्यूटीए जीतने पर।

**आज का खिलाड़ी** — **रविचंद्रन अश्विन**



**डब्ल्यूटीसी** के दूसरे संस्करण का फाइनल नहीं खेलने के बाद अश्विन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को खिताब जीतने पर बधाई दी और भारतीय खिलाड़ियों की कोशिशों की सराहना की। अ्चीजों का रॉन्ग साइड पर समाप्त होना निराशाजनक है मगर फिर भी पिछले दो सालों में पहले स्थान पर आना जबर्दस्त एफर्ट था। मुझे लगता है कि केओस और तीखे आकलन के बीच इस चक्र में खेलने वाले मेरे सभी साथियों और सबसे महत्वपूर्ण कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ को एक्नॉलेज करना जरूरी है, जो चट्टान की तरह सपोर्ट में डटे रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदे फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

## लोरेंजो सोनेगो ने स्टुटगार्ट ओपन में गत चैम्पियन बेरेटिनी को हराया

स्टुटगार्ट, 12 जून। इटली के लोरेंजो सोनेगो ने सोमवार को यहां स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हमवतन और गत चैंपियन मातियो बेरेटिनी को हराकर बाहर कर दिया। सोनेगो ने बेरेटिनी के खिलाफ सीधे सेट में 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की और बेरेटिनी के ग्रास कोर्ट पर लगातार नौ मैच जीतने के क्रम को भी तोड़ दिया। बेरेटिनी दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी सोनेगो के खिलाफ पूरे मैच के दौरान जूझते रहे। सोनेगो ने सभी छह ब्रेक प्वाइंट बचाए। अन्य मुकाबलों में लोरेंजो मुसेटी ने क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 7-6, 6-3 से हराया जबकि जिरी लेचेका ने मार्कोस गिरोन को 4-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

## स्क्वाश विश्व कप : हांगकांग के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

चेन्नई, 12 जून। अनुभवी सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा मंगलवार से यहां शुरू होने वाले चौथे स्क्वाश विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे जिसमें मेजबान के पास मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने का मौका होगा। घोषाल और जोशना भारत की चार सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं जो लीग चरण में पूल बी में हांगकांग, चीन, दक्षिण अफ्रीका और जापान से भिड़ेगी। मेजबान टीम में शामिल दो अन्य सदस्य अभय सिंह और तन्वी खन्ना हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन शाम के सत्र में भारत अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग के खिलाफ करेगा। घोषाल ने कहा, "हमारे पास अच्छा मौका है लेकिन हम एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि हम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह लागू कर पाएंगे और प्रत्येक मैच जीतेंगे।" टूर्नामेंट का आयोजन एक्सप्रेस एवेन्यु मॉल के ऑल ग्लास शो कोर्ट में किया जाएगा। टूर्नामेंट में मिस्त्र, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और कोलंबिया की टीम भी हिस्सा ले रही हैं। विश्व कप का पिछला टूर्नामेंट भी 2011 में चेन्नर्ह में ही हुआ था। काहिरा में 20 जून से सत्रांत पीएसए विश्व टूर फाइनल्स होना है और ऐसे में शीर्ष खिलाड़ियों ने विश्व कप में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। दूसरी वरीय भारतीय टीम को शीर्ष वरीय मिस्त्र से सबसे कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। ग्रुप चरण में भारत को सबसे कड़ी चुनौती जापान से मिलने की संभावना है जिसकी टीम में दुनिया की 18वें नंबर की महिला खिलाड़ी सतोमी वतानाबे के अलावा रूनोसुके सुकुए और तोमोतोके एंडो जैसे पुरुष खिलाड़ी भी हैं। सोमवार की शाम टूर्नामेंट का उद्घाटन तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन करेंगे। टूर्नामेंट के नए प्रारूप के अनुसार प्रत्येक मैच बेस्ट ऑफ फाइव गेम का होगा और प्रत्येक गेम में सात अंक (सामान्यत: 11 अंक) होंगे। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। फाइनल 17 जून को खेला जाएगा। ग्रुप इस प्रकार हैं: पूल ए: मिस्त्र, ऑस्ट्रेलिया, कोलंबिया और मलेशिया। पूल बी: भारत, जापान, दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और चीन।

## आईओए की 4 को डब्ल्यूएफआई के चुनाव कराने की योजना

नयी दिल्ली, 12 जून। भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव चार जुलाई को कराने की योजना बनाई है और इसके लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। डब्ल्यूएफआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) में चुनाव कराए जाएंगे। आईओए ने न्यायमूर्ति मित्तल कुमार को लिखे पत्र में कहा, "आईओए को डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी परिषद के चुनाव कराने के लिए कदम उठाने होंगे और डब्ल्यूएफआई के चुनावों के लिए हमें आपको निर्वाचन अधिकारी नियक्त करने की खुशी है। आप चुनाव कराने में अपनी मदद करने के लिए एक सहायक निर्वाचन अधिकारी और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार कर सकते हैं।" पत्र के अनुसार, "चुनाव डब्ल्यूएफआई की विशेष आम बैठक में कराए जाने हैं जो चार जुलाई को बुलाई गई है और इसी के अनुसार चुनाव का कार्यक्रम तैयार करना होगा। इसमें कहा गया, "हम आपकी ओर से पद की स्वीकृति की पुष्टि और चार जुलाई को डब्ल्यूएफआई के चुनावों को लेकर उत्सुक हैं।" सूत्रों ने हालांकि कहा कि न्यायमूर्ति मित्तल कुमार स्वयं एसजीएम और चुनावों की तारीख पर फैसला कर सकते हैं और यह उन पर निर्भर करता है कि वह चार जुलाई को चुनाव कराएं या इसके कुछ दिन बाद।

## वनडे विश्व कप : भारत और पाक का सामना 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में हो सकता है

नयी दिल्ली, 12 जून। भारतीय टीम वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगी जबकि एक सप्ताह बाद पाकिस्तान के खिलाफ मैच अहमदाबाद में होगा। बीसीसीआई के कार्यक्रम के ड्राफ्ट में यह जानकारी दी गई। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने सोमवार को लिखा ," बीसीसीआई ने कार्यक्रम का ड्राफ्ट आईसीसी को भेजा है जिसने प्रतिभागी देशों के पास फीडबैक के लिये इसे भेज दिया है। अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह की जायेगी।" शुरूआती ड्राफ्ट के अनुसार टूर्नामेंट पांच अक्टूबर को शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड का सामना पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड से अहमदाबाद में होगा। फाइनल भी 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जायेगा। सेमीफाइनल 15 और 16 नवंबर को होंगे जिनका वेन्यू अभी तय नहीं है। मेजबान भारत अपने लीग मैच नौ शहरों में खेलेगा जिनमें कोलकाता, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरू शामिल है। पाकिस्तान से मुकाबला 15 अक्टूबर को होगा। वहीं पाकिस्तान के लीग मैच पांच शहरो में होंगे। रिपोर्ट के अनुसार ," पाकिस्तान छह और 12 अक्टूबर को हैदराबाद में क्वालीफायर दौर से आई दो टीमों से खेलेगा। इसके बाद बेंगलुरू में आस्ट्रेलिया (20 अक्टूबर), चेन्नई में अफगानिस्तान (23 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (27 अक्टूबर) , बांग्लादेश से कोलकाता में (31 अक्टूबर ), न्यूजीलैंड से बेंगलुरू में ( पांच नवंबर) और इंग्लैंड से कोलकाता में (12 नवंबर) खेलेगा।

# वनुआतु को हराकर भारत इंटरकांटिनेंटल कप के फाइनल में



भुवनेश्वर, 12 जून। कप्तान सुनील छेत्री के गोल के दम पर भारत ने इंटरकांटिनेंटल कप के अपने दूसरे मुकाबले में सोमवार को यहां वनुआतु को 1-0 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। भारतीय टीम पूरे मैच के दौरान हावी रही लेकिन विश्व रैंकिंग में 164 वें स्थान पर काबिज वनुआतु की रक्षापंक्ति ने उसे काफी देर तक बढ़त लेने से रोके रखा।

करिश्माई खिलाड़ी छेत्री ने मैच के 81वें मिनट में गोलकर टीम की जीत सुनिश्चित की। विश्व रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में मंगोलिया को हराया था। टीम के नाम दो मैचों में चार अंक हो गये है। वनुआतु की यह दो मैचों में दूसरी हार है। भारतीय टीम को राउंड रॉबिन चरण में अपना अगला मैच लेबनान के साथ खेलना है।

## धीमी ओवर गति के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया पर जुर्माना

लंदन, 12 जून। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में ओवल में धीमी ओवर गति के लिये भारत पर मैच फीस का शत प्रतिशत और ऑस्ट्रेलिया पर मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईसीसी एलीट पैनल केमैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने यह प्रतिबंध लगाए थे। भारत को लक्ष्य से पांच ओवर कम करने का फैसला सुनाया गया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित समय सीमा में चार ओवर कम फेंके थे। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जब कोई टीम तय समय पर पूरे ओवर नहीं कर पाती है तो खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। पांच ओवर पीछे होने की वजह से भारतीय टीम की पूरी मैच फीस काट ली गई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया पर मैच फीस का 80 फीसदी जुर्माना लगा है। अंपायरों ने इसके लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने दोषी ठहराया। दोनो कप्तानो ने प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पडी। इस बीच भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक को तोड़ने पर उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। गिल को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.7 का उल्लंघन करते पाया गया था।

टीम की धीमी ओवर गति और अपने आउट दिए जाने के फैसले का विरोध करने पर गिल के ऊपर दो जुर्माने लगे हैं और उन पर कुल जुर्माना मैच फीस का 115 फीसदी हो गया है। ऐसे में उन्हें अपनी मैच फीस का 15 फीसदी हिस्सा आईसीसी को चुकाना होगा और किसी भी भारतीय खिलाड़ी को इस मैच की फीस नहीं मिलेगी। टेलीविजन अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने ग्रीन के कैच को सही मानते हुए गिल को आउट करार दिया था। इस पर गिल ने इंस्टाग्राम पर अंपायर के फैसले की आलोचना की थी। इसी वजह से उन पर जुर्माना लगा है।

इसके अलावा, गिल के खिलाफ अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिनके लिए 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध था। मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और क्रिस गफाने, तीसरे अंपायर रिचर्ड केटलबोरोग और चौथे अंपायर कुमार धर्मसेना ने उन पर यह आरोप लगाए हैं।

गौरतलब है कि इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 444 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में टीम इंडिया मैच के पांचवें दिन दूसरी पारी में पहले सत्र में ही 234 रन पर सिमट गई और मैच 209 रन से हार गई। भारत को लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है।

## मंगोलिया ने लेबनान को गोलरहित बराबरी पर रोका

भुवनेश्वर, 12 जून। निचली रैंकिंग की टीम मंगोलिया ने सोमवार को यहां लेबनान को गोलरहित बराबरी पर रोककर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट में पहला अंक हासिल किया। भारत के खिलाफ पहला मैच हारने वाली मंगोलिया के नाम अब दो मैचों से एक अंक है जबकि लेबनान के इतने ही मैच में तीन अंक है। लेबनान ने अपने शुरूआती मुकाबले में वनुआतु को 3-1 से हराया था। मंगोलिया के डिफेंडर बातबातर अम्गलनबाट लेबनान के आक्रमण को लगातार विफल करने में सफल रहे और मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। लेबनान के पास 15वें मिनट में बढ़त लेने का आसान मौका था। मंगोलिया के गोलकीपर एनखतैवान मुनखेरदीन और डिफेंडर एर्डेनेचिमेग उनूर-एर्डीन के बीच गफलत के कारण करीम डारविच को गोल करने का मौका मिला था लेकिन उनका प्रयास बैट-एर्डीन उगनबाट ने विफल कर दिया।

## अश्विन को टीम से बाहर रखना मेरी समझ से परे : तेंदुलकर

नयी दिल्ली, 12 जून। महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने अनुभवी रविचंद्रन अश्विन को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय एकादश में जगह नहीं मिलने को चौकाने वाला फैसला करार देते हुए कहा कि उनकी क्षमता के स्पिनर को प्रभावी होने के लिए अनुकूल परिस्थितियों की जरूरत नहीं होती है। डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन से हराया। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड ने टीम में अश्विन को जगह नहीं देने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि बारिश की स्थिति ने उन्हें चौथे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को चुनने के लिए मजबूर किया।

तेंदुलकर ने रविवार को ट्वीट किया, " भारत को मैच में बने रहने के लिए पहली पारी में बड़ा स्कोर खड़ा करना था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। भारतीय टीम के लिए कुछ अच्छे क्षण थे, लेकिन मैं अश्विन को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने के फैसले को पचा नहीं पा रहा हूं। वह इस समय दुनिया का नंबर एक टेस्ट गेंदबाज है।"

तेंदुलकर को इस तर्क से हैरानी हुई कि अश्विन जैसी क्षमता वाले गेंदबाज को तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है, वह भी तब जब इस ऑस्ट्रेलियाई टीम में बायें हाथ के कई बल्लेबाज है।

उन्होंने कहा, " मैंने मैच से पहले ही कहा था कि कुशल स्पिनर हमेशा पिच से मिलने पर मदद के भरोसे नहीं रहता। वे हवा, पिच की उछाल और अपनी विविधताओं का इस्तेमाल करता है। यह नहीं भूलना चाहिये कि ऑस्ट्रेलिया के पास शीर्ष आठ में बायें हाथ के पांच बल्लेबाज थे। अश्विन ने डब्ल्यूटीसी के दूसरे सत्र के दो साल के चक्र में 13 टेस्ट में 61 विकेट लिए हैं।

## इटली को हरा उरुग्वे ने जीता अंडर-20 विश्व कप खिताब

ला प्लाटा (अर्जेंटीना), 12 जून। फारवर्ड लुसियानो रोड्रिग्ज के अंतिम समय में किये गये एकमात्र गोल की मदद से उरुग्वे ने रविवार को यहां इटली को 1-0 से हरा कर अपना पहला अंडर-20 फीफा विश्व कप खिताब जीत लिया। रोमाचंक मुकाबले में पहले हाफ में दोनो टीमों ने एक दूसरे पर ताबड़तोड हमले किये मगर रक्षापंक्ति ने उसे विफल कर दिया जिससे पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ में घड़ी की सुइयां तेजी से फिसल रही थी मगर उरग्वे के तेज तर्राक फारवर्ड खिलाडी रोड्रिग्ज ने 86वें मिनट में हेडर से गोल दागा और यूरोपीय टीमों की लगातार चार जीत का क्रम तोड़ते हुये अपनी टीम के सिर जीत का सेहरा बांध दिया। जीत से अभिभूत उरुग्वे के लिवरपूल मोंटेवीडियो के लिए फुटबॉल खेलने वाले रोड्रिगेज (19) ने कहा, हम विश्व चैंपियन हैं। मेरे पास कहने के लिये शब्द नहीं है। वास्तव में यह खुशी से पागल करने वाला पल है। यह परम आनंद की अनुभूति कराने वाला लम्हा है जिसे मै हमेशा याद रखना पसंद करूंगा। हमारी टीम बेहतर थी और जीत की हकदार थी। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपने प्रशिक्षण सत्र और मैच में अपना सब कुछ झोंक दिया, और अंत में हमने जीत हासिल की। अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में ला प्लाटा के डिएगो माराडोना स्टेडियम में 40 हजार से अधिक दर्शकों ने फाइनल देखा। स्टेडियम में मौजूद लोगों में फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ के प्रमुख अलेजांद्रो डोमिंग्वेज शामिल थे।

## वेस्टइंडीज को फिर से विश्व कप के क्वालीफायर से गुजरना होगा

एंटिगुआ, 12 जून। वेस्टइंडीज को 2018 की तरह ही 2023 क्रिकेट विश्व कप के टिकट के लिए क्वालीफायर प्रक्रिया से गुजरना होगा। वेस्टइंडीज ने इस साल के अंत में भारत में खेले जाने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के क्वालीफायर राउंड के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। इस टीम में आईपीएल 2023 में धमाल मचा रहे शिमरन हेटमायर को जगह नहीं मिली है। वेस्टइंडीज की टीम 2023 वनडे वर्ल्ड कप में सीधे नहीं पहुंच सकी है। इस वजह से अब उन्हें पहले क्वालीफायर राउंड खेलना पड़ेगा। क्वालीफाइंग राउंड जिम्बाब्वे में 18 जून से खेला जाएगा। इस टीम में ऑलराउंडर कीमो पॉल को भी चुना गया है। लम्बे वक्त के बाद कीमो पॉल की वेस्टइंडीज टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा आईपीएल 2023 में खेल रहे निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, काइल मेयर्स, अलजारी जोसेफ, अकील हुसैन, रोवमैन पॉवेल और जेसन होल्डर भी इस टीम का हिस्सा हैं। क्वालीफायर मुकाबले वेस्टइंडीज और श्रीलंका समेत 10 टीमों के बीच खेले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप के क्वालीफायर राउंड में कुल 10 टीमें खेल रही हैं।

## आक्रामक होना एकाग्रता में कमी का परिचायक नहीं : रोहित शर्मा

लंदन 12 जून। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में आस्ट्रेलिया से मिली हार से मायूस भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि आक्रमक रवैया अख्तियार करना एकाग्रता में कमी का द्योतक नहीं है मगर यह भी सही है कि बल्लेबाजों ने कुछ ढीले शॉट्स का चुनाव किया जो हमे लक्ष्य से दूर ले गया।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत ने दोनों बार (2021 और 2023) फ़ाइनल में प्रवेश किया। हालांकि दोनों ही मौक़ों पर भारतीय टीम जीत की लाइन को क्रॉस करने में क़ामयाब नहीं हो पाई। अगर दोनों फ़ाइनलों में देखा जाए तो एक बात कॉमन थी कि भारतीय बल्लेबाज़ बेहतरीन तेज़ गेंदबाज़ों के सामने टिकने में सफल नहीं हो पाए।

रोहित ने मैच के बाद कहा, हमने अच्छी बल्लेबाज़ी नहीं की। आज सुबह भी बल्लेबाज़ों ने कुछ ढीले शॉट लगाए और इस वजह से हम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके लेकिन खिलाड़ियों के लिए हमारा संदेश साफ़ था कि वह आज़ादी से खेलें। अगर बड़े शॉट्स लगाने का मन हो तो लगाइए। चाहे वह टेस्ट क्रिकेट हो या टी20 क्रिकेट या वनडे क्रिकेट, हमें दबाव में नहीं खेलना चाहिए। अगर आप देखें कि दूसरी पारी में गिल और मैंने किस तरह से शुरुआत की, तो हमारी योजना सकारात्मक रूप से खेलने और उन पर दबाव बनाने की थी। इसलिए हम दस ओवरों में शायद 60 रन बना चुके थे, लेकिन अगर आप उस मानसिकता के साथ खेलते हैं, तो संभावना है कि आप आउट भी हो सकते हो।

उन्होने कहा जब ऐसा होता है, तो ये एकाग्रता की कमी वाली टिप्पणियां आती हैं लेकिन ऐसा नहीं है, हम अलग तरह से खेलना चाहते थे। ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ पांचवें दिन विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे के शॉट को देखा जाए तो यह साफ़ था कि उन गेंदों को आसानी से छोड़ा जा सकता था। साथ ही रोहित शर्मा चौथे दिन जिस तरह से नाथन लायन की गेंद पर स्वीप मारने गए या फिर चेतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाज़ जिस तरह से अपर कट लगाने गए, उस पर काफ़ी सवालिया निशान हैं।

रोहित ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों के लिए बहुत आलोचनात्मक नहीं होंगे क्योंकि उनमें से अधिकांश उन टीमों का हिस्सा रहे हैं जिन्होंने पटौदी ट्रॉफ़ी में 2021 में इंग्लैंड में टेस्ट जीते हैं। रोहित ने माना कि अनुभवी खिलाड़ी इस मैच में अपने प्रदर्शन से अंतर पैदा करने में नाक़ाम रहे। रोहित ने कहा, मैं इसे लेकर ज़्यादा आलोचनात्मक नहीं होना चाहता क्योंकि पिछली बार जब हम यहां थे तो कई सीनियर बल्लेबाज़ों ने वास्तव में बढ़िया प्रदर्शन किया और सीरीज़ में हमें आगे बढ़ाया था। मेरा मतलब है कि इस तरह की चीज़ें हो सकती हैं। हमने पिछले दो वर्षों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, चाहे हम ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड में खेले हों। हालांकि अगर किसी मैच में आप मानसिक रूप से मानसिक रूप से तैयार नहीं हो तो आप मैच हार सकते हैं और ठीक वही हुआ है।

उन्होने कहा हम ईमानदारी से इसे अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाह रहे थे। हमारे पास जितना भी समय था, उसमें सभी खिलाड़ियों ने वास्तव में अच्छी तैयारी की। आप बस इतना ही कर सकते हैं। अक्तूबर में जब विश्व कप होगा, हमारी योजना एक अलग ब्रांड की क्रिकेट खेलने और कुछ अलग करने की कोशिश करने की होगी। पिछले आठ-नौ साल से हम एक ही तरह से सोचते आ रहे हैं कि यह मैच महत्वपूर्ण है या यह घटना महत्वपूर्ण है, और यह हमारे लिए कारगर नहीं रहा है। इसलिए हमें अलग तरीके. से सोचना होगा।

## हेड विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

लंदन 12 जून। ऑस्ट्रेलिया को दुनिया में टेस्ट का सरताज बनाने में महती भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज ट्रेविस हेड को भारत के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया है। हेड ने टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दोनों पारियों में क्रमश: 163 और 18 बनाए। उन्होंने स्टीव स्मिथ और एलेक्स केरी के दमदार प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीता।

फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन के साथ विशाल जीत हासिल की थी। मैच के पहले दिन द ओवल मैदान में ऑस्ट्रेलिया ने 76 रन पर अपने तीन विकेट गंवा दिए थे और मध्य क्रम के बल्लेबाजों पर पूरा दारोमदार आ गया था और स्मिथ के (121) रन के साथ आस्ट्रेलिया 285 रन की मजबूत स्थिति में आ गया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने भारतीय गेंदबाजों को बुरी तरह से परेशान किया।

हेड ने कहा भारत के खिलाफ मेरा प्रदर्शन कड़ी मेहनत का फल है। यह आश्चर्यजनक है। आप यहां एक हफ्ते के लिए आते हैं, आप तैयारी करते हैं और इसकी कल्पना करना बहुत मुश्किल है, पूरी पारी के दौरान मेरी यह कड़ी परीक्षा थी, मै एक योजना के साथ मैदान में उतरा था और मुझे पता था कि भारतीय टीम क्या करने वाली हैं। कुछ समय पिच पर डटे रहने रहना और स्मिथ के साथ बल्लेबाजी करना बहुत अच्छा अनुभव था। यह सप्ताह मेरे लिए शानदार रहा।

गौरतलब है कि हेड के लिए पिछले कुछ महीने अच्छे नहीं रहे हैं। उन्हें फरवरी में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर रखा गया था और जब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में उनकी जगह सुनिश्चित नहीं थी, लेकिन हेड ने दिल्ली में दूसरे टेस्ट में वापसी की और बाद में भारत में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द ओवल में फाइनल के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। इस 29 वर्षीय बल्लेबाज ने फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया। हेड ने कहा, मुझमें हमेशा आत्मविश्वास भरा है और यह पल मैच के दौरान अपना दमदार प्रदर्शन करना था जिसे मैंने बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभायी।

# मुझे सबसे महान बताना, हर दौर के दिग्गज खिलाड़ियों का अपमान होगा : जोकोविच

पेरिस, 12 जून। नोवाक जोकोविच ने टेनिस के इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पुरूष खिलाड़ी बनने के बाद कहा कि हर दौर में खेलने की परिस्थितियां अलग रही है और हर दौर में महान खिलाड़ी रहे है। जोकोविच ने रविवार को उन्होंने फ्रेंच ओपन फाइनल में रविवार को कैस्पर रूड को हराकर 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन रफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। जोकोविच की इस खिताबी जीत के बाद सबसे महान पुरुष टेनिस खिलाड़ी को लेकर बहस एक बार फिर से छिड़ गयी है।

जोकोविच के प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम जीतने के बाद खेल को अलविदा कह दिया तो वहीं 22 खिताब जीतने वाले नडाल चोट से उबर रहे है। कई प्रशंसक फेडरर को सबसे महान खिलाड़ी मानते है तो वही नडाल की भी पूरी दुनिया में बड़ी फैन फॉलोइंग है।

इन तीनों में अधिक ग्रैंड स्लैम के अलावा जोकोविच ने मास्टर्स 1000 स्तर की हर स्पर्धा को कम से कम दो बार जीता है जबकि फेडरर और नडाल इस स्तर की सभी स्पर्धाओं को नहीं जीत सके है। जोकोविच एटीपी रैंकिंग में सबसे अधिक समय तक शीर्ष पर रहे है। फ्रेंच ओपन चैम्पियन बनने के बाद वह फिर से रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है।

इस जीत के बाद जोकोविच से जब पूछा क्या कि 'इतिहास का सबसे महान पुरुष खिलाड़ी बनकर कैसा लग रहा है, तो



उन्होंने काफी विस्तार से इसका जवाब देते हुए कहा, " मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैं सबसे महान हूं। मैंने पहले भी कहा है कि इस तरह का बयान हमारे खेल के विभिन्न युगों में सभी महान चैंपियनों के प्रति अपमानजनक है। उनका टेनिस खेलने तरीके आज से काफी अलग था।"

जोकोविच इस संवाददाता सम्मेलन में लाल टीशर्ट पहन कर पहुंचे थे जिस पर 23 नंबर लिखा हुआ था। यह उनके 23वें ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर इशारा कर रहा था। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ते हुए कहा, "मुझे लगता है कि अपनी पीढ़ी के प्रत्येक महान चैंपियन ने खेल पर एक बड़ी छाप छोड़ी है। वह एक एक विरासत की तरह है, जिसने हमें इतने बड़े स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित किया।" इस 36 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, " मैं इस तरह की चर्चा को दूसरों के लिए छोड़ देता हूं। बेशक, मुझे खुद पर काफी विश्वास है कि मैं क्या कर सकता हूं। यह ट्रॉफी स्पष्ट रूप से टेनिस में मेरे शानदार खेल के स्तर को दिखाता है।"

जोकोविच से यहां भविष्य की योजना के बारे में नहीं पूछा गया लेकिन उन्होंने खुद ही कहा, " मेरी यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। मैं अभी भी इन टूर्नामेंटों, ग्रैंड स्लैम में सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए प्रेरित महसूस करता हूं।" उन्होंने तीन जुलाई से शुरू होने वाले आगामी ग्रैंड स्लैम के बारे में कहा, " मैं विंबलडन का इंतजार कर रहा हूं और उसमें खेलने के लिए तैयार हूं।"